ed not less than 10 years qualifying service. Temporary Government employees are not eligible for pension, but receive terminal gratuity in terms of the Central Civil Service (Temporary Service) Rules, 1965, as amended from time to time. There is no proposal under consideration to change this position.

**डिप्टी कलक्टर, सीमा शुल्क के पदों पर पदोन्नति**

***3733. श्री यज्ञ दत्त शर्मा :** क्या **वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या असिस्टेंट कस्टम कलेक्टरों को डिप्टी कलेक्टरों के पद पर पदोन्नत करने के लिये विभागीय पदोन्नति समिति ने जून, 1977 में चयन किया था ; और

(ख) यदि हां, तो उस चयन का मान-दण्ड क्या था ?

**वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) :** (क) जी, हां । उप समाहर्ता ग्रेड में पदोन्नति के लिये सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्ता ग्रेड के अधिकारियों का चयन करने के लिये विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक 8 और 9 जून, 1977 को हुई थी ।

(ख) इस चयन का मानदण्ड कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा निर्धारित सामान्य सिद्धान्तों के अनुसार वरिष्ठता एवं योग्यता था ।

**सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में क्षमता का उपयोग**

**3734. डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय :** क्या **वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी क्षेत्र के उद्योग अपनी क्षमता का पूरी तरह उपयोग नहीं कर रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उनकी क्षमता का पूरा पूरा उपयोग करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) :** (क) यह सच है कि सरकारी क्षेत्र के कुछ उद्यम अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर रहे हैं ।

(ख) क्षमता का उपयोग बढ़ाने के लिये अनेक उपाय किये गए हैं, जैसे उत्पादों का विविधीकरण, संतुलनकारी सुविधाओं की व्यवस्था, बेहतर रखरखाव, श्रम उत्पादकता में सुधार आदि ।

प्रमुख एकीकृत इस्पात कारखानों में 1976–77 के दौरान क्षमता का कितना उपयोग हुआ, इसका ब्यौरा इस प्रकार है :

| कारखाना | बिक्री योग्य इस्पात के उत्पादन के अनुसार क्षमता के उपयोग का प्रतिशत |
|---|---|
| भिलाई इस्पात कारखाना | 102.7 |
| दुर्गापुर इस्पात कारखाना | 72.7 |
| राउरकेला इस्पात कारखाना | 95.9 |
| इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी | 67.7 |